संक्षिप्त

विवाह सम्मेलन का निर्णय

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। वैष्णव समाज की और से आगामी 12 मई को पुष्कर में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होगा। अध्यक्ष रामनिवास वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उक्त निर्णय लिया गया।वैष्णव धर्मशाला पुष्कर में आयोज्य विवाह सम्मेलन में 31 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेगे। संयोजक श्यामसुंदर वैष्णव, उपाध्यक्ष कैलाश हरिव्यासी ब्यावर, उपाध्यक्ष पुसादास वैष्णव चीताखेड़ा, उपाध्यक्ष गोविंद वैष्णव आलनियावास, कोषाध्यक्ष त्रिलोकदास वैष्णव, किशनगढ़ तहसील अध्यक्ष रतनलाल भावानन्दी, सचिव बाबूलाल अठावत, सह सचिव बाबूलाल फौजी भोजियावास सहीत धर्मशाला ट्रस्ट कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।वैष्णव धर्मशाला पुष्कर के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंती वैष्णव, ट्रस्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र वैष्णव, संयुक्त सचिव भानुशंकर वैष्णव, संरक्षक सत्यनारायण वैष्णव ने वर्चुअल रूप से उपस्थिति दर्ज कराई। अध्यक्ष रामनिवास वैष्णव, संयोजक श्यामसुंदर वैष्णव ने कहा वैष्णव जोड़ों का पंजीयन शुरू कर दिया है।

बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय

शाहपुरा । अभिभाषक संस्था शाहपुरा की साधारण सभा की बैठक अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा की अध्यक्षता में आहूत की गई । संस्था सचिव वीरेंद्र पत्रिया ने बताया कि नए सदस्यों को सदस्यता देने तथा अधिवक्ता चैंबर्स के रखरखाव एवं संस्था के बैनर तले चल रहे जिला बचाओ आंदोलन के बारे में चर्चा की गई। सर्व समिति से नए सदस्यों के आवेदन आगामी बैठक में रखना एवं अधिवक्ता चैंबर्स के रखरखाव की जिम्मेदारी संस्था सह सचिव कमलेश मुंडेतिया को दी गई तथा जिला बचाओ आंदोलन को अनवरत चलने का निर्णय लिया गया और 28 फरवरी को ब्लैक डे पर शाहपुरा बंद रखने का निर्णय लिया गया।

गौरैया संरक्षण हेतु लगाए चिड़ियाघर

अजमेर, (कासं)। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा राजकीय उच्च माध्यामिक विद्यालय मांगलियावास और पृथ्वीराज चौहान स्मारक में गौरैया संरक्षण अभियान के तहत कुल 14 चिड़ियाघर और दानापात्र लगाए। छायादार वृक्षों पर लगाए गए इन चिड़ियाघरों से गौरैया को सुरक्षित और अनुकूल आवास मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान मांगलियावास के प्रधानाचार्य रजनी बाला ने इस नेक कार्य की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर तोताराम उदयवाल ने बताया कि यह पहल गौरैया की घटती संख्या को रोकने और उनके संरक्षण के लिए की गई है। संस्था प्रतिनिधियों जितेंद्र मेघवंशी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस पहल का उद्देश्य गौरैया को बेहतर पर्यावरण और भोजन उपलब्ध कराना है, जिससे यह पक्षी सुरक्षित रह सके।

परीक्षा स्कीम में शुद्धि पत्र जारी

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 16/2024-25 अनुसंधान सहायक (मूल्यांकन विभाग) भर्ती 2024 के अंतर्गत शुद्धि पत्र जारी किया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि मूल्यांकन विभाग के लिए अनुसंधान सहायक के 26 पदों पर भर्ती हेतु उक्त विज्ञापन दिनांक 8 अक्टूबर 2024 को जारी किया गया था।

शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 36वें दिन भी अनवरत जारी

शाहपुरा, (निसं)। जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर क्षत्रिय राजपूत समाज के सदस्य उपाध्यक्ष गोवर्धन सिंह राणावत एवं शहर अध्यक्ष भगवत सिंह राणावत के नेतृत्व में शाहपुरा को यथावत जिला बनाये रखने की मांग करते हुए जिला बचाओ संघर्ष समिति के समर्थन में

- **जिला समाप्त करने के विरोध में क्रमिक अनशन धरने पर क्षत्रिय राजपूत समाज के सदस्य बैठे**

जिला बचाने को लेकर अनशन धरने पर क्षत्रिय राजपूत समाज के सदस्य।

सैकड़ो की संख्या में क्षित्रय राजपूत समाज के समाजजन प्रताप सिंह राजपाल सिंह भोपाल सिंह नटवर सिंह दीपेंद्र सिंह विजेंद्र पाल सिंह किशोर वर्धन सिंह आदित्य वर्धन सिंह विक्रम सिंह सुरेंद्र सिंह नरेंद्र सिंह राणावत चावंड सिंह शक्तावत क्रमिक अनशन धरने पर बैठे और उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम शाहपुरा जिले को बहाल करने का ज्ञापन दिया । क्षित्रय राजपूत समाज के सदस्यों का जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा संयोजक राम प्रसाद जाट, महासचिव कमलेश मुंडेतिया अधिवक्ता अनिल शर्मा नमन ओझा पन्नालाल खारोल योगेंद्र सिंह भाटी मोहम्मद शरीफ अंकित मालू संघर्ष समिति सदस्य रामेश्वर सोलंकी पीसीसी सदस्य संदीप जीनगर अविनाश शर्मा सहित अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया ।

क्षत्रिय राजपूत समाज के गोवर्धन सिंह राणावत भगत सिंह राणावत सुरेंद्र सिंह चावंड सिंह शक्तावत ईशु बना नरेंद्र सिंह एवं संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा संयोजक रामप्रसाद जाट वक्ताओं ने शाहपुरा को जिले का दर्जा देने की मांग की और शाहपुरा जिले को समाप्त करने का विरोध किया।

कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में नाराजगी जताई

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। कांग्रेस पार्षद दल की बैठक राजीव गांधी भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में आमजन से जुडी समस्याओ का समाधान नहीं होने पर नाराजगी जताई गई।

साथ ही आगामी 10 फरवरी को होने वाली बजट मीटिंग को केवल आंकड़ों का खेल बताया। प्रतिपक्ष नेता हमीदा बानो ने कहा की बजट केवल आकड़ो का खेल है, शहरी क्षेत्र के लोगो को नगर परिषद में रूपये जमा कराने के बावजूद उनको घर दुकान का पट्टा नही दिया जा रहा है, लोग परेशान है, कोई सुनने वाला नही है। पार्षद प्रदीप अग्रवाल ने कहा की वार्डो में साफ सफाई सुचारु रूप से नही हो पा रही है। पार्षद सुशील अजमेरा ने कहा की मेरे वार्ड में गैस पाईप लाइन का काम सही तरीके से नही हो रहा है, नगर परिषद कर्मचारियो द्वारा मोनेटरिंग नहीं करने से ठेकेदार मनमानी कर रहा है। पानी पाइप लाइन के पास ही गैस लाइन डाल रहे है जबकी गैस लाइन रोड से एक मीटर नीचे डालनी चाहिये। पार्षद पप्पू मेघवाल ने कहा की पिछले पांच दिन से मेन रोड की लाईट बंद पड़ी है।

गर्ग शिकागो में लायंस कार्यशाला में भाग लेंगे

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत 3233 ई 2 के उपप्रांतपाल प्रथम लायन रामकिशोर गर्ग लायंस प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने के लिए विदेश यात्रा पर रवाना होंगे। डिस्ट्रिक मीडिया कॉर्डिनेटर एमजेएफ लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि अमेरिका के शिकागो में सेंट चार्ल्स में 10 से 14 फरवरी तक लायंस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन होगा।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राज

बोर्ड परीक्षा-2025 हेतु परीक्षार्थियों की उपस्थिति गणन

माध्यमिक/उच्च माध्यमिक/प्रवेशिका/वरिष्ठ उपाध्याय/व्यावसायिक परीक्षा 2025 में प्रविष्ट हो (प्रपत्र 49, 50) बोर्ड वेबसाईट पर अपलोड किये गये है। अतः सभी शाला प्रधानों द्वारा बोर्ड के अनुसार उपर्युक्त परीक्षाओं हेतु उपस्थिति की गणना 13 फरवरी 2025 तक की जानी है। दिनांक 28 फरवरी 2025 तक बोर्ड की ई-मेल ddexamfirst@gmail.com पर ऑनला विस्तृत नियमों की जानकारी प्रपत्र 51 में बोर्ड की वेबसाईट http://rajeduboard.rajastha

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com,
Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2024-25/ दिनांक :- 05/02/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 42/2024-25

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यों की अनुमानित लागत राशि 38.60 लाख की ई-निविदा दिनांक 17.02.2025 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN No. :- AJD2425WSOB00238

राज.संवाद/सी/24/11292 अधिशाषी अभियन्ता

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण.स्वी./2024/5366 **आम सूचना** दिनांक : 5.2.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाइल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
319	रितेश चौहान पुत्र प्रतापसिंह चौहान	आर. के. कॉलोनी बरल द्वितीय बिजयनगर ख.सं. 1197 से 1200 व 1202 भू.सं. 61 का 1/2 पश्चिमी हिस्सा	69.70 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डलः अजमेर

क्रमांकः 1527 दिनांकः 05-02-2025

जाहिर आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1-च-5, अजयनगर, अजमेर योजना में श्री नन्दकिशोर पुत्र श्री रतनलाल टाक को आवंटित कर दिनाक 09.11.1977 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्रीमती जानकी बाई पत्नि श्री हीरानन्द ने आवास का बैचान जरिये इकरारनामा मुख्तयारनामा एवं वसीयतनामा के श्रीमती किरन लता टाक पत्नि श्री गोरधन लाल टाक को किया गया। मण्डल द्वारा श्रीमती किरन लता टाक पत्नि श्री गोरधन लाल टाक के पक्ष में दिनांक 11.01.1996 को नियमितीकरण के आदेश जारी किये गये। श्रीमती किरन लता टाक पत्नि श्री गोरधन लाल टाक द्वारा दिनाक 11.01.1996 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा आवास का पंजीयन करवा लिया गया है। पंजीयन पश्चात श्रीमती किरन लता टाक पत्नि श्री गोरधन लाल टाक द्वारा आवास का बैचान श्री अमित रेवाचन्द मनवानी पुत्र श्री रेवाचन्द मनवानी को दिनांक 08.10.2024 को कर दिया गया जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 2266 में पृष्ठ संख्या 155 क्रम संख्या 202403001108801 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 6059 के पृष्ठ संख्या 157 से 167 पर दिनांक 08.10.2024 को चस्पा किया गया। अब श्री अमित रेवाचन्द मनवानी पुत्र श्री रेवाचन्द मनवानी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री अमित रेवाचन्द मनवानी पुत्र श्री रेवाचन्द मनवानी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उज्रदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डलः अजमेर

क्रमांकः 1526 दिनांकः 05-02-2025

जाहिर आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1-ज-4, आनासागर सरवयूलर रोड, अजमेर योजना में श्रीमती जानकी बाई पत्नि श्री हीरानन्द को आवंटित कर दिनाक 21.12.1979 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्रीमती जानकी बाई पत्नि श्री हीरानन्द ने आवास का बैचान जरिये मुख्तयारनामा, इकरारनामा, वसीयतनामा के श्री करूणेश वशिष्ठ पुत्र श्री महावीर प्रसाद वशिष्ठ को कर दिया गया। श्री करूणेश वशिष्ठ पुत्र श्री महावीर प्रसाद वशिष्ठ के पक्ष में मण्डल द्वारा दिनाक 19.12.1994 को नियमितिकरण के आदेश जारी किये गये। श्री करूणेश वशिष्ठ पुत्र श्री महावीर प्रसाद वशिष्ठ द्वारा दिनांक 20.12.1994 को उप-पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया है। श्री करूणेश वशिष्ठ पुत्र श्री महावीर प्रसाद वशिष्ठ ने आवास का बैचान श्रीमती मीरा चेलानी पत्नि श्री कन्हैयालाल चेलानी को कर दिया गया। श्रीमती मीरा चेलानी पत्नि श्री कन्हैयालाल चेलानी ने मुख्तयारनामा श्रीमती सीमा कलवानी पत्नि श्री रमेश कलवानी के पक्ष में निष्पादित किया गया। श्रीमती सीमा कलवानी पत्नि श्री रमेश कलवानी ने आवास का बैचान श्री जमनादास लालवानी पुत्र श्री मोहनदास लालवानी को कर दिया गया। श्री जमनादास लालवानी की मृत्यु दिनांक 10.03.2007 को हो जाने के कारण उनके भाई श्री हरीश कुमार लालवानी पुत्र श्री मोहनदास लालवानी द्वारा मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। दिनांक 29.09.2023 को श्री हरीश कुमार लालवानी पुत्र श्री मोहनदास लालवानी के आदेश जारी किये गये। श्री हरीश कुमार पक्ष में मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण मण्डल द्वारा लालवानी पुत्र स्व. श्री मोहनदास लालवानी द्वारा आवास का बैचान श्रीमती अर्पिता केवलरमानी पत्नि श्री राजेश केवलरमानी को दिनांक 09.02.2024 को कर दिया गया जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 2228 पृष्ठ संख्या 44 क्रम संख्या 202403001101118 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 5905 के पृष्ठ संख्या 44 से 55 पर दिनांक 09.02.2002 को चस्पा किया गया। अब श्रीमती अर्पिता केवलरमानी पत्नि श्री राजेश केवलरमानी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती अर्पिता केवलरमानी पत्नि श्री राजेश केवलरमानी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उज्रदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर

'उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण जरुरी'

अजमेर,(कासं)। अजयमेरू उपभोक्ता जागरूकता क्लब सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर द्वारा उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए तीन उपभोक्ता जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन विद्यार्थियों के लिए किया गया।

क्लब के संयोजक डॉ. अनूप कुमार आत्रेय ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता का विषय- 'उपभोक्ता अधिकार और कर्तव्य एक संतुलन दृष्टिकोण' रखा गया। स्वरचित नारा लेखन प्रतियोगिता का विषय-' सूचित रहे, सशक्त बने' रखा गया। विद्यार्थियों ने अपने 'अधिकार जाने अपनी जेब की सुरक्षा करें' विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा को रंगों के जरिए प्रस्तुत करते हुए उपभोक्ता जागरूकता का संदेश दिया। तीन प्रतियोगिताओं में 115 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके पश्चात प्रो. मनोज अवस्थी ने विद्यार्थियों को उपभोक्ता संरक्षण के प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान क्रय-विक्रय के बदलते परिवेश में हमें सतर्क रहते हुए उपभोक्ता के अधिकारों व कर्तव्य के मध्य संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है। प्रतियोगिताओं के निर्णायक डॉ. नम्रता कलवानी व डॉ. आस्था दुबे थे। उपभोक्ता जागरूकता क्लब के सदस्य डॉ. संजय तोमर व डॉ. हरभान सिंह भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के संचालन में हितेश प्रजापति , राजवीर सिंह चांदा, भवानी शंकर, गौरव कुरड़िया, किंजल पुरोहित, निश्चल दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डॉ. अनूप कुमार आत्रेय ने कहा कि महाविद्यालय के अजयमेरु उपभोक्ता जागरूकता क्लब द्वारा उपभोक्ताओ को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यार्थियों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा।प्रो. वंदना रंगा ने परिणामों की घोषणा करते हुए विजेता रहे विद्यार्थियों को बधाई दी। स्वरचित नारा लेखन प्रतियोगिता में यश बंसल ने प्रथम रूप्रीत ने द्वितीय तथा कविता जांगिड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया चेना राम व अंश गुप्ता को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। इसी प्रकार पोस्टर प्रतियोगिता में प्रीति मारोठिया व कविता जांगिड़ ने प्रथम, रिधांशी गोयल ने द्वितीय व ऋतु राठौड़, सुम्बुल अंसारी, जया जामनानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खादिजा सिदकी, लीजा कटारिया, किरण रावत को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

अजमेर, (कासं)। सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर में एबीएसटी विभाग में पी. जी. सेमिनार का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. वंदना रंगा रही। उन्होंने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पी. जी. सेमिनार का आयोजन किया जाना आवश्यक है। परिषद् के तत्वावधान में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया तथा सभी विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह वितरित किए गए। विभाग के पी. जी. सेमिनार संयोजक डॉ. आर.पी. बागड़ी ने अपने विभाग की रिपोर्ट प्रस्तुत की। एबीएसटी विभाग के कार्यवाहक विभागाध्यक्ष डॉ. एच.एस. कुमावत ने विद्यार्थियों को पी. जी. सेमिनार में बढ-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीति सलूजा ने किया और डॉ. नम्रता कलवानी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार गोयल, डॉ. एस. एस. चारण, डॉ. विजय नरवाल, डॉ. माया अग्रवाल, डॉ, आर.के. नागरवाल, डॉ. खुशबू बंसल, डॉ. सरोज कुमार उपस्थित रहे।

व्यापारिक महासंघ ने की सुलभ शौचालय बनाने की मांग

- **सुभाष नगर व नारी शाला, सब्जी मंडी में बताई चिन्हित जगह**
- **वर्तमान में नाले पर बने मूत्रालयों की स्थिति बहुत ही खराब होने पर व्यापारियों में रोष व्याप्त है**

अजमेर, 6 फरवरी (कासं)। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों ने ब्यावर रोड फल एवं सब्जी मंडी के अध्यक्ष हीरानन्द विजरानी, दिलीप मानवानी, पिंकू भाई, मोयल, भेरू धनवानी, सोरभ जेठवानी, सुभाष नगर ब्यावर रोड के कार्यकारी अध्यक्ष सरदार रणजीत सिंह, हरीश गर्ग, अयूब खान, रामलाल सेन, भागचन्द सेन, कमल सिंह एवं अन्य व्यापारियों ने चिन्हित स्थानों पर सुलभ शौचालय बनाने की मांग की है।

व्यापारी प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्तमान में नाले पर बने मूत्रालयों की स्थिति बहुत ही खराब होने पर व्यापारियों में रोष व्याप्त है। रणजीत सिंह सलूजा और महासंघ के रमेश लालवानी ने बताया कि सुलभ शौचालय बनवाने की मांग पूर्व में कई बार की जा चुकी है। सरदार रणजीत सिंह ने बताया कि क्षेत्र में पास ही बनी सब्जी व फल मंडी में अनेक महिला व्यापारी भी सामग्री विक्रय का व्यवसाय करती है। इसलिए पिंक शौचालय की भी अत्यन्त आवश्यकता है।

नारी शाला व्यापारिक एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन सैनी ने बताया कि नगर निगम व जिला प्रशासन से कई बार अनुरोध किया जा चुका है कि सुभाष नगर के व्यापारियों द्वारा नारी शाला चौराहे पर स्थित जलदाय विभाग के कार्यालय के पास नाले पर सुलभ शौचालय बनवाया जाए। नगर निगम मेयर ब्रजलता हाडाख् आयुक्त देसल दान चारण, नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी दिलीप भम्भानी, जिलाधीश लोक बंधु, अतिरिक्त जिलाधीश सिटी गजेन्द्र सिंह राठौड सहित अन्य संबंधित से सुलभ शौचालय बनाने की मांग की मांग की है।

राज्यस्तरीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता 7 से

अजमेर, (कासं)। 15वीं राज्यस्तरीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता 7 से 9 फरवरी तक गंगानगर में आयोजित की जाएगी। राज्य स्तरीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में हॉकी अजमेर की टीम का प्रतिनिधित्व मयूर टांक करेंगे। गुरुवार को टीम की घोषणा की गई। अजमेर टीम की घोषणा हॉकी राजस्थान के उपाध्यक्ष एवं जिला हॉकी संघ के महासचिव देवेंद्र सिंह शेखावत ने घोषणा की। शेखावत ने बताया कि अजमेर हॉकी टीम में मयूर टॉक गोलकीपर, सुरजीत चौधरी गोलकीपर, हंसराज, बलवीर, विक्रम, लकी, साहिल, दुर्गेश, शैतान, मनीष प्रजापत, अनमोल, मोहित राव, कुशल रावत, मोहित, रोहित, सुनील चौधरी व देवाराम चौधरी शामिल है। शेखावत ने बताया कि टीम को प्रतियोगिता के लिए रवाना करने से पूर्व कीट अंकित गोड़, योगेंद्र सिंह गोयला ने प्रदान की साथ ही टीम की सफलता के लिए खिलाडियों को बधाई व शुभाकामनाएं दी।

आचार्य विद्यासागरजी महामुनिराज को ''भारत रत्न'' से अलकृंत किया जायें

- **आचार्य 108 श्री विद्यासागरजी महाराज के प्रथम समाधि दिवस पर 'भारत रत्न' की मांग की**

अजमेर, (कासं)। अखिल भारतवर्षीय श्री दिगम्बर जैन महासभा की ओर से गुरूवार को आचार्य 108 श्री विद्यासागरजी महाराज के प्रथम समाधि दिवस पर महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से आचार्य गुरूवर श्री विद्यासागरजी महामुनिराज को भारतरत्न से अलंकृत करने की पुरजोर मांग की है ।

अजमेर संभाग के संयोजक संजय कुमार जैन एवं संभाग प्रवक्ता कमल गंगवाल ने बताया कि आचार्यश्री का योगदान आम जन मानस व जीवदया में दिये गये महत्वपूर्ण योगदान किसी से छिपा नहीं है, जिससे गुरूवर से प्रेरणा लेकर आज देश के अन्दर हजारों गौशालायें, शिक्षा मन्दिर, प्रतिभास्थली, हथकरघा केन्द्र जगह जगह खुले हुये है, जिससे जीव सेवा के तहत गौसेवा, छात्रों का अध्ययन करने वाले के जगह जगह शिक्षा मन्दिर व आमजन को रोजगार देने व हाथ से निर्मित वस्त्र व अन्य दैनिक उपयोग में आने वाली सामग्री का शुद्व उत्पादन हो रहा है । साथ ही उन्होंने एक नारा दिया था जिसके अन्तर्गत उन्होंने कहा इण्डिया नहीं भारत बोलो " जो जगह जगह आज पूरे भारतवर्ष में विख्यात हो चुका है। गंगवाल व जैन ने बताया कि गुरूवार को प्रथम समाधि दिवस पर देश भर के साथ राजस्थान व अजमेर में हजारो की तादाद में गुरू गौरव यात्रा व विनयांजली सभायें आयोजित कर गुरूवर को नमन किया और जीव रक्षा का संकल्प लेते हुये जीओ और जीने दो के नारे को गूंजायमान किया । भारत रत्न की मांग करने वालो में समाजसेवी अतुल पाटनी, सुनील गंगवाल, विजय पांडया, संजय सोनी, प्रवीण जैन, मोनू गदिया, सुनील सोगानी, सुनील कुमार जैन, रीपेन्द्र कासलीवाल, दीपक दोसी, मिश्रीलाल जैन, मनीष गदिया, दीपक जैन पटवा, पंकज गंगवाल,माणकचन्द्र जैन, मनीष पाटनी (सर्वोदय कालोनी) राजेन्द्र पाटोदी, राजेष गदिया, योगेष जैन, प्रवीण पाटोदी, नवीन कासलीवाल, पारस दोसी, श्याम बडजात्या, रविन्द्र गोधा, ताराचंद सेठी, पवन गदिया, अंकित पाटनी, पदम सोगानी, प्रकाश पाटनी, इन्दरमल सोनी, राजेश बोहरा, अरविन्द बडजात्या, मुकुल पाटनी, मनोज ठोल्या, मनोज अजमेरा, निर्मल गंगवाल, शान्तिलाल पाटनी, राकेश गदिया, नितिन जैन, मनीष जैन, अनुराग जैन, अतुल ढिलवारी, राकेश दोसी, अजय लुहाडिया आदि थे।

नन्हे-मुन्नों ने दिखाई प्रतिभा

ब्यावर (निसं) आदर्श विद्या मंदिर छावनी ने अपना 14 वां वार्षिकोत्सव एवं पाठ्य पुजन,विद्यारम्भ संस्कार बड़े होल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारम्य मुख्य अतिथि पत्रकार एव पीएलवी संजयसिंह गहलोत, विशिष्ट अतिथि डा. राजेन्द्र सोनी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ ही नन्हे मुन्नो द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओ हार्दिक, ख़ुशी और राजेश्वरी ग्रुप द्वारा प्रस्तुति पापा जल्दी आ जाना को अत्यधिक सराहा गया। राजस्थानी नृत्य खमा घणी व घूमर नृत्य पर वंशिका, सरस्वती कशिश, राधिका ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का विद्यारम्भ संस्कार भी करवाया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा संगीतमय योग प्रदर्शन आकर्षण का विषय बना रहा। मुख्य अतिथि संजय सिंह और डा राजेंद्र सोनी ने अपने उध्बोधन में नन्हें मुन्नो को शिक्षा के अलावा अपनी रूचि संगीत, भाषण, आदि में भी आगे बढ़ने को प्रेरित किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत कटसुरा पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक- ग्राम पंचायत कटसुरा/स्वच्छता/2024-25/12 दिनांक 06-02-2025

ई-निविदा सूचना संख्या 05/2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति अंराई के अधिनस्थ ग्राम पंचायत कटसुरा के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http:// www-rproc-rajasthan-gov-in पर आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www-sppp-rajasthan-gov-in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

क्र. स.	ग्राम पंचायत	NIB NO.	UBN NO.	Tender ID
1	कटसुरा	ZAJ2425A1118	ZAJ2425SSRC01172	2025_PRD_446286_1

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कटसुरा
पंचायत समिति अंराई (अजमेर)

कार्यालय ग्राम पंचायत बरोल पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक-ग्रा.प.ब./स्वच्छता/2024-25/37 दिनांक 06-02-2025

ई-निविदा सूचना संख्या 05/2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरोल के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2024-25 मे घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http:// www-rproc-rajasthan-gov-in पर आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www-sppp-rajasthan-gov-in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

क्र. स.	ग्राम पंचायत	NIB NO.	UBN NO.	Tender ID
1	बरोल	ZAJ2425A1116	ZAJ2425SSRC01170	2025_PRD_446220_1

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बरोल
पंचायत समिति अंराई (अजमेर)

प्रशासक
ग्राम पंचायत बरोल
पंचायत समिति अंराई (अजमेर)

कार्यालय ग्राम पंचायत भोगादीत पंचायत समिति अरांई, अजमेर

क्रमांक-ग्रा.प.भो/स्वच्छता/2024-25/58 दिनांक 5-02-2025

ई-निविदा सूचना संख्या 04/2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भोगादीत के अधी